-----आदमी के जीवन मे पैसा का महत्व तो है ही लेकिन पैसे होने के बाद ब्यवहार का अच्छा होना उससे महत्वपूर्ण होता है, हम लोग छोटे छोटे से सुनते आते थे कि हम लोगों के गांव या अगल बगल का कोई मुम्बई जाता तो उसकी बड़ी इज्जत और ख़ातिर दारी करते, लोग बताते हैं कि इनके घर पे एक साथ बीस बीस लोग रहते थे खाने रहने के साथ साथ इनकी पत्नी यानी भाभी जी लोगों का कपड़ा भी साफ कर देती थी।

-----यानी जब मेरे इलाके में 90 प्रतिशत लोग सामान्य जीवन यापन करते थे तब ये मुम्बई में हीरा का कार्य करते हुए, अत्यंत सम्पन्न होते हुए भी अत्यन्त विनम्र थे, हम लोग आज तक इन्हें गुस्सा होते देखना क्या सुने भी नही, अपने घर परिवार को बांध के रखना, भाइयों भतीजो का ध्यान रखना इन्होंने शिद्दत से निभाया, और पूरा परिवार भी इनकी बड़ी इज्जत करता है।

---इनके भाई प्रदीप हम लोगो से बड़े होते हुए भी क्रिकेट के कारण हम लोगो के मित्र बने और परिवार की तरह रिश्ता भी रहा, इधर कुछ दिनों से बीमार होने के कारण गांव थे।

Ajit Pratap
7 Jun 2021

कल खून दिला दो देवदूतो विटिया को😢😢😢

सभी से विनम्र निवेदन है कि इस बिटिया की मदद करे
नाम–श्रीयांशी श्रीवास्तव
उम्र–6 साल
ब्लड ग्रुप – AB+ (2UNIT)
बीमारी– aplastic anemia
हॉस्पिटल–PGI lucknow
पेशेंट अटेंडर– किसन 7460966877,7652042062
जरूरत है AB+ ब्लड ग्रुप की क्युकी पीजीआई लाइव डोनर ही लेता है बच्ची के परिजन अभी तक कई यूनिट ब्लड दे चुके है इसलिए अब आप की जरूरत है

पूर्ण रूप से वेरिफाइड है डोनर जाके बच्ची से मिल सकता हैं।



Ajit Pratap
3 Aug 2021

💐💐।। वाह अमित वाह।।💐💐

ये है जिंदादिल इंसान अमित सिंह लखनऊ में रहते हैं, आज सुबह एक लोगो को पी जी आई में ब्लड की जरूरत थी वो सब रहने वाले बिहार के थे और बहुत परेशान थे।

--------सुबह सुबह BHU में पढ़ने वाली किसी हर्षिता (पीहा) का फोन आया कि आप अजित सिंह बोल रहे?
---जी
----वन टू यादव ने आप का नम्बर दिया, इनकी मदद करिये।
----अरे यादव जी तो खुद तीन यूनिट खून ले चुके हैं जौनपुर में।

-----अरे उनको नही चाहिए, उन्होंने ही कहा आप से बात करने को।

तो मतलब वन टू यादव उस टाइप के नेता हैं जो जब ब्लड डोनेशन कैम्प लग रहा था जौनपुर में तो गायब हो गए थे, और जब जरूरत पड़ी तो आधी रात को तीन यूनिट बिना डोनर के ले लिया और अब समाज सेवा कर रहा😊😊.

------लेकिन अच्छा किया, नम्बर दिया और विहार के लोगो की मदद हो गई।
अमित बाबू धन्यवाद आप ने मानवता के साथ साथ उत्तर प्रदेश के लोगो की छवि में भी चार चांद लगाया है। उस परिवार का ध्यान रखिएगा, आप जिन्दाबाद रहे, चाहे जंहा रहे☺️💐💐💐.
सभी मददगारों का भी धन्यवाद जो लगे रहे।
।।अजित सिंह।।

Ajit Pratap
27 May 2021

💐💐।।खून के मजनू आनंद।।💐💐

मानवता ने जब दर्द में पुकारा तो मानवता के मजनू मतलब किसी के दर्द से प्यार करने वाले आनंद से नही रहा गया और पहुँच गये नोयडा से 40 किमी दूर दिल्ली के अस्पताल में ब्लड देने
------कल भी इनके साथ एक हादसा हो गया था, ब्लड देने भाग के गये जिसने मांगा था लिया नही ,उसको कंही मिल गया होगा तो फोन ही बन्द कर लिया उसके बाद भी आज गये कल वाली घटना भूल के।
इनकी इस कहानी से, खून वाले नही दूध वाले मजनू की कहानी याद आ गई, दूध वाले मजनू हम लोगो के साथ में भी कई है😊,सुनिये।

-------लैला की याद में मजनू किसी पेड़ के नीचे बेसुध पड़े थे, लैला लैला कहा करते थे, लोग जो खाने पीने को देते खा लेते और लैला की याद में विचरते रहते थे। एक आदमी ने देखा कि अरे बड़ा मजा है, बस लैला लैला करने में खाना पीना आ जा रहा है।

-------वो आदमी भी थोड़ी दूर पे जाकर मजनू का रूप बना के लैला, लैला करने लगा, लोग खाना पीना देते, नए मजनू दूध मांग मांग के पीने लगे, दिन कट रहा था।

------एक दिन बात लैला तक पहुँची लोगो ने बताया कि मजनू तुम्हारी याद में पेड़ के नीचे पड़े हैं और मस्त दूध पी रहे हैं कोई समस्या नही है।

-----लैला को खटका लगा कि दीवाना दूध कैसे पी सकता है?
----उन्होंने एक कटोरा दिया, और बोली जाओ मजनू से बोलो

Ajit Pratap is with **Anoop Singh Parihar**.
20 Sept 2022

इम्पैक्ट गुरु में जो अनमय का खाता बन्द कर दिया गया है अब पर्याप्त धनराशि हो गई है इंजेक्शन के मिलने के बाद।

आगे इम्पैक्ट गुरु ने लिख के दिया है कि जो हॉस्पिटल का खर्च और दवा का खर्च होगा उसे सीधा हॉस्पिटल को दिया जाएगा, किसी के ब्यक्तिगत खाते में अनमय का पैसा नही दिया जाएगा।

----समय समय पे अवगत होते रहिये, हॉस्पिटल जितना जितना खर्च बताएगा आप सब को बताया जाता रहेगा, अभी तक जो भी धनराशि जुटी है सब की सब इंपैक्ट गुरु के पास है, अनमय दिल्ली जो गए हैं, वो सब अनमय के माता पिता अपने पास से खर्च कर रहे हैं या अगर कोई नगद कुछ मदद किया हो तब।

---आप सभी का फिर से धन्यवाद, आभार, जुड़े रहिये, पकड़े रहिये।😊.

अनमय का टेस्ट होकर नीदरलैंड सैम्पल भेजा जा रहा उसी हिसाब से इंजेक्शन बन के आएगा, हर बच्चे के लिए उसके जीन और ग्रोथ के हिसाब से बनता है, प्रक्रिया शुरू हो गई है इंतजार करिये, प्रार्थना भी।💐💐

! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !

11:50 Ajit Pratap

Ajit Pratap is with **Vijay Singh** and **16 others**.
6 Jan

: दो देवदूत।

देखिए आज इन देवदूतों को इतनी ठंड में किसी अनजान के लिए लेट गए हैं खून निकलवाने, इनके जज्बे को सलाम।

उत्पल सिंह पराशर ने भेजा पढ़िए... अजित सिंह

अधिवक्ता भाई के पत्नी को ब्लड की जरूरत थी ... भाई रंजीत दुबे और छोटे भाई मोहम्मद शारिक ने रक्तदान किया

और बोले आज़ से हम लोग भी वानर हैं



Comment as Ajit Pratap

Ajit Pratap is with **Vijay Singh** and **25 others**.
10 Feb

💐💐।। कोई देवदूत, मदद का रास्ता बताए।।💐💐

.... अभी एक फोन आया बेलापार, नौपेडवा जौनपुर के रहने वाले सतीश यादव जी जो लखनऊ हाईकोर्ट में वकील हैं, अपने गांव के पास इस हताश निराश भरे लड़के को एक हफ्ता पहले देखें थे,। वानर सेना के बारे में जानते थे तो आज फोन कीए।

.... सर ये सतीश बांके लाल सिंह, गांव महनपुर नौपेडवा के हैं, चेन्नई में गिर गए थे, पैर टूट गया था, वहा इलाज हुआ लेकिन ठीक से जुड़ नही पाया दर्द होता है।

सतीश ने बताया कि पैसे के अभाव में इलाज नही करा पा रहे, पूरा पैर भी नहीं पड़ता जमीन पे, पंजे के बल पे चलता हूं।

किसी परिचित के साथ मुंबई के के एम हॉस्पिटल में गए थे वहा पचास हजार से अधिक का खर्च बताया, नही होने से लौट आए।

कोई डॉक्टर देवदूत इनकी मदद कर दे तो भला हो जाय, जो आवश्यक खर्च होगा, वानर सेना मांग के देगी, लोकल देवदूत मदद के लिए आगे आएं नंबर ये है।

+91 77094 51596

Ajit Pratap
3 Dec 2022

💐💐।। लो भाई शुरू हो गया।।💐💐

---देवदूत वानर सेना की सक्रिय सदस्यता शुरू हो गई, इसमे उन लोंगो के सहयोग की जरूरत है जिसको लगता है कि अपनी खुशी के साथ कुछ सहयोग देना जिसका प्रयोग किसी कष्ट में गुजरते ब्यक्ति के लिए होगा।

--उसी क्रम में कल वानर सेना के अध्यक्ष रमेश दुबे ने हमे भी रसीद दी और लक्ष्य दिया दो हजार सदस्य का।

1--एक हजार सदस्य ऐसे बनाने है जिनका सहयोग ग्यारह सौ रुपये से ऊपर हो।

2--और एक हजार सदस्य ऐसे बनाने हैं जिनका सहयोग ग्यारह रुपये से लेकर ग्यारह सौ हो। मतलब ग्यारह रुपये कम से कम और अधिकतम की कोई सीमा नही है😊.

हमने कहा अध्यक्ष जी अकेले संख्या अधिक नही है क्या?
--बोले काटिये, वानरराज😊.

तो भाई लोग हमने सबसे पहले अपनी तरफ से पांच हजार की रसीद काट दी है, अब घर परिवार और नात, रिस्तेदार को भेजने जा रहा हूं।😊

---जिसकी इक्छा हो देवदूत वानर सेना में सहयोग करने की, वह नीचे वाले खाते में साथ ही रसीद में भी खाता नम्बर दिया गया है, उसमे पैसा भेज कर स्क्रीन शाट मुझे भेज दे मैं रसीद काट दूँगा और मेरा लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा😊

Ajit Pratap
29 Dec 2022

वाह पवन भाई जिंदाबाद।

पवन सिंह जी गोरखपुर के हैं आप सब जानते ही होंगे, हमसे कभी मुलाकात नही है फेसबुक से ही जुड़े हैं लेकिन जरूरत से ज्यादा इज्जत देते हैं, मैं खुद असहज हो जाता हूं।

अनमय अभियान में भी खुद अपने आप फोन करके पांच लाख देने का वादा किये थे, अनमय की मम्मी अंकिता से भी बोले थे कि रखा है।
--हमसे लगातार कहते थे अजित भैया अनमय का अलग रखे हैं।

--आकाश गुप्ता कुशीनगर वाले लड़के को भी 20 हजार की मदद किये।

---पवन जी लगातार लोगों की मदद करते रहते हैं, कभी इनसे मिलना है जरूर, आदमी अलग किस्म के लगते हैं😊😊. भगवान इन्हें और ताकत दे।💐💐👍



Ajit Pratap
26 Dec 2022


💐💐।। अर्फिया हुई एडमिट।।💐💐

मड़ियाहूं जौनपुर की विटिया सर्फिया विमार है पिता मजदूर सुबह हम लोगो को पता चला पोस्ट किए, आलोक वर्मा ने बुला के दिखाया, एडमिट होने की बात थी तो हमने दुर्गा हॉस्पिटल के डाक्टर आलोक यादव से बात की उंन्होने बुला के अपने हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया है, उसके लिए उन्होंने अभी कोई पैसा नही लिया है।

विटिया का दवा सदद्दाम को लेना होगा हमने पूछा किंतना पैसा है, बोला बस6 सौ रुपया है, अभी हमने जौनपुर में ही एक दवा के ब्यापारी भाई से बात की है अगर दवा की ब्यवस्था वह कर देंगे तब तो आराम हो जाएगा।

----बाकी अगर किसी को कुछ मदद करनी हो तो उसके पिता से खाता मंगवाया हूं, मदद करने वालों का स्वागत है। आगे इलाज के हिसाब से आप लोगों से मदद मांगी जाएगी, लोग मानसिक रूप से तैयार रहे, गांव वाले पहले।

।। अजित सिंह।।



Ajit Pratap
10 Sept 2022

💐💐।। जिंदाबाद कलांन कालेज।।💐💐

---कुछ दिन पहले मेरी बात राजीव सिंह जी से हुई थी, प्रमोद ने नम्बर दिया था, राजीव जी कलांन कालेज के मैनेजर है शायद।

कलांन में एक कॉलेज है विश्वनाथ जी के नाम से, KG से लेकर PG तक है, हो सकता है सब कॉलेजों के अलग अलग नाम हो लेकिन हम लोग दूर से कलांन वाला कालेज के नाम से ही जानते हैं, लोग बताते है कि यंहा डिग्री सेक्शन में ही लगभग 15 हजार लड़के होंगे। पढाई और ब्यवस्था के नाम पे शायद यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा कालेज होगा।

आज अभी उन्ही के कॉलेज के विनय सिंह जी का फोन आया कि यह मदद दी गई है बाकी कालेज के स्टाफ और बच्चो से हम लोग माँगने का अभियान शुरू करेंगे।

देखिए ईश्वर ने अगर अनमय को कष्ट दिया है तो उसको महसूस करने के लिए दूसरों को दिल भी दिया है।

कलांन के प्रबंध समिति, वँहा के स्टाफ और बच्चो से हम लोगो का अनुरोध है कि बस अपनी इसी भावना को बनाये रखते हुए अनमय के लिए लगे रहे, भगवान आपको शक्तिशाली बनाये, प्रार्थना करिये की जैसे हजारो बच्चे आपके कालेज में पढ़ते हैं वैसे अनमय भी पढ़ने जाय।

आप की जय हो, जिंदाबाद जिंदाबाद।
कालेज के बारे में और पता करके फिर लिखता हूं, कालेज की तरफ से हमे और हमारी वानर सेना को आमंत्रित किया गया है उसके लिए धन्यवाद😊💐💐

Ajit Pratap is with **Vijay Singh** and **32 others**.
11 Feb

उठो देवदूतों

एक गरीब आज मुसीबत में है।

सुल्तानपुर , हरीपुर करौंदी कला के रहने वाले धीरज तिवारी, मध्य प्रदेश में नौकरी करने गए थे, रेलवे स्टेशन पर चक्कर आया फिर हॉस्पिटल में ले जाया गया।

पता चला कि ब्रेन हैमरेज हुआ है और किडनी भी नही काम कर रही है, आर्थिक रूप से कमजोर इस लडके के लिए गांव के देवदूत बहुत मेहनत कर रहे हैं।

गांव के प्रधान और गांव के अन्य लडको ने आपस मे मांग कर लगभग डेढ़ लाख रुपए जुटा लिए हैं जो कि प्रशंशा योग्य है।

वानर सेना से लोगो को आशा है कि सबके अपील पे देवदूत निकलने लगेगे, आइए सुल्तानपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़ के देवदूतों से अनुरोध है कि इस अभियान से जुड़ा जाय, लोगो को बताया जाय की आइए दस बीस सौ रुपए जो भी हो डालिए, किसी को आपके एक एक रुपए की जरूरत है।

इलाके के देवदूतों लगे रहिए, इसी गांव के बगल गांव का अनमय भी था जिसके लिए हम लोग लगभग तीन करोड़ रुपया जुटा लिए थे, आइए जुटा जाय मदद धीरज में।

.... आइए धीरज रखकर धीरज को बचाया जाय.... अजित सिंह।

Ajit Pratap
20 Nov 2021

💐💐।। विटिया का विवाह हुआ सम्पन्न।।💐💐

------जौनपुर में दो विरोधी घटानाये हुई, बदलापुर में अनुसूचित जाति की तीन सगी बहने ट्रेन के आगे कूद के इसलिए कट गई कि गरीब परिवार के होने से उनकी शादी कौन करेगा?😢

-------दूसरी तरफ सन्तोष सरोज का इलाज भी फ्री में हुआ उनकी बेटी की शादी में बच्चो से लेकर बड़े तक मदद में आगे आये, साड़ी से लेकर सोना तक दिया गया, किसको, किसको धन्यवाद दू, काश उन बच्चियों को भी हम लोग बचा पाते,😢😢.

धन्यवाद---

1--डॉ अभय SRS वाले इलाज के लिए।
2--ऋषि सिंह, राय प्रवीण और अन्य

3----धन्यवाद सिकरारा दुर्गा समिति के उन बच्चो का जो अपनी पॉकेट मनी बचा के मांग के मदद की।

4----धन्यवाद संजय सिंह और उनकी पत्नी का।
5---धन्यवाद नारायण सिंह, सक्षम संस्था, बी काऐंड,और इनसे जुड़े सभी लोगो का।

6---धन्यवाद श्री कला धनन्जय सिंह, हमेशा मदद करने की प्रवृत्ति करने वाले, मेरे मेसेज के बाद तुरन्त सन्देश आया भैया चिंता ना करिये सब हो जाएगा।

7-----अन्य सभी देवदूतो का जिनको भूल रहा और जिसकी शुभकामनाएं साथ थी।

---

9 Nov 2021

बहुत दिन से सोच रहे थे जिम जाये, कुछ पेट कम करें, आज गए भी मुश्किल से तो 15 मिनट में ही मोबाइल बजने लगा।
---भैया नमस्ते, मोती सिंह(मंत्री जी) चाचा के यंहा आइये।

-----तुंम कंहा हो?
-----यही इनके पास, आवा।
----पूछो, कब तक बैठेंगे, जिम में हूं बे, टाइम लगेगा।
----अच्छा तब बोल रहे, सुबह आइये।
इतना बात होने के बाद, राजा सिंह अपने लॉव लश्कर के साथ जिम में आ पहुँचे, साथ मे सिंटू सिंह, राज सिंह, अतुल सिंह, विवेक सिंह ये लोग भी।
-----भैया ये सब आप के फैन है।
----तो तुम्हारे साथ कैसे है?
----देखा बेइज्जत जिन करा,
----नही तो मेरी भी कर दोगे ना?
----नाही।
----सुना, हमहू चुनाव लड़ब।
---प्रधानी तो खतम हो गई।
----अरे, हम परधानी लड़ब?
---सही वो भी मुश्किल है जीतना।
----तब जात बाटी, जब समझ नही पा रहे हैं तो। कहते हुए राजा सिंह निकल लिये, हमे भी कसरत ना करने का बहाना मिल गया 😊, वापस जा रहा कल करूँगा।
हां, लड़के बहुत अच्छे और समझदार थे जो साथ मे थे, सब केसब खून देने को तैयार, मतलब मददगार👍💐

------जाओ शेरो सुरक्षित घर जाओ, खुश रहो

।। अजित सिंह।।

Ajit Pratap is with **Anoop Singh Parihar** and **10 others**.
10 Jul 2021

💐💐।।खून दिया और जीत भी गए।।💐💐

30 जून को देवदूत वानर सेना ने रक्तदान की जौनपुर में अपील की थी, अपने चुनाव की जंग में लगे विनय सिंह ब्लाक प्रमुख महाराज गंज सब कुछ छोड़कर आये और अपनी टीम के साथ रक्तदान किया, आभार में हम लोगो ने कहा था कि आप की मनोकामना पूर्ण हो, भगवान पूरी करें।
और आज उनकी पत्नी यानी भाभी जी मांडवी सिंह जीत गई, अगर चुके होते तो उनका खून पी लें जाती की चुनाव छोड़कर रक्तदान करने गए थे।

बधाई विनय भाई, अब तो दो तीन दावत उधार हो गई, नजदीक वाले जाकर उड़ा ले।😊😊💐

।। अजित सिंह।।



Ajit Pratap is with **Ratndeep Sharma**.
25 Oct 2021

💐💐।।धन्यवाद रतनदीप।।💐💐

-------ये है जौनपुर बेकरी के रत्नदीप शर्मा, मिले नही है लेकिन किये बहुत हैं, जब याद करिये हाजिर, ना भी याद करिये तब भी हाजिर।

-----कल शाम को एक विशाल प्रजापति नाम का लड़का मेसेज किया, चाचा, इंटर पास करके SSC की तैयारी कर रहा हूँ, आर्थिक परेशानी है, किसी माल या दुकान में लग जाता तो पढ़ लेता, कुछ करिये जिंदगी भर एहसान मानुगा।😢

------पढ़कर अजीब सा मन हुआ, दुख भी की लड़के के लिए क्या किया जा सकता है, समझ मे नही आया पोस्ट कर दिया, और लिख भी दिया कि रत्नदीप देख लो, उस समय इन्ही का नाम याद आया।

-----बच्चे का भाग्य था कि जुबान पे रत्नदीप का नाम आया, और आज उसको बुला के अपने यंहा काम पे रख लिए है, लड़का बहुत खुश हैं, दुआएं मुझे दे रहा मिलनी चाहिए रत्नदीप को।😊😊.

------कई बार रत्नदीप बुला भी चुके हैं ,मैं भी सोचा था जाऊंगा जम के खाऊंगा, पैसा भी नही दूँगा लेकिन अब देना पड़ेगा, काम ही ऐसा कर देते हैं रत्नदीप, बहुत लोगो की आर्थिक मदद भी की हम लोगो के कहने से, अब बानर सेना की बेकरी हम लोग मान लिए हैं😊😊.

तो खरीदो बेकरी से सामान और दो धन्यवाद रत्नदीप को💐💐💐

Ajit Pratap is with **Vijay Singh** and **27 others**.
16 Feb

आइए एक ब्राह्मण पुत्र के लिए जी जान से लगा जाय भगवान पता नहीं कौन परीक्षा ले रहा है।

जौनपुर के कलवारी गांव के ऋषिकेश पांडेय के ब्रेन में दो साल पहले ट्यूमर था, वानर सेना ने तब भी अभियान चलाया था और मुंबई में आपरेशन हुआ था।

दो साल बाद फिर ट्यूमर निकल आया, पैसे के अभाव में समय से गए नही, साढ़े तीन लाख का स्टीमेट था, वानर सेना ने फिर मागना शुरु किया ढाई लाख जुटा के भेजा, एक लाख कम था उसका अभियान चलाया और उसको भी लगभग पूरा कर दिया।

लेकिन भगवान की पता नहीं कौन सी लीला आपरेशन थियेटर में पता चला नाक में पस है दो आपरेशन होंगे और खर्च आएगा छह लाख रुपए।

अब लगभग तीन लाख रुपए और जुटाने है, आइए एक बार फिर इस बच्चे के लिए लगा जाय, भगवान मदद करें, आओ देवदूतों आओ, भगवान पता नहीं कौन सी परीक्षा ले रहा।

गांव के लोगो से अनुरोध है कि हर घर इस बच्चे के लिए कुछ न कुछ धन दान करे, हर घर मतलब हर घर..... अजित सिंह।

! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !

Ajit Pratap is with **Anoop Singh Parihar**.
30 Jun 2021

ये भी पढ़िए----

@Ajit Pratap Singh भैया ,ये वही दोनों लड़कियां हैं जो घर से झगड़ा करके ब्लड देने आई थी,बीरमपुर मुफ्तीगंज घर हैं,वेट कम होने के कारण ब्लड नहीं दे पायी इसलिए रोने लगी,और ब्लड डोनेट करने की जिद्द करने लगी,नाम है श्वेता सिंह और सोनाली सिंह। ---विकास तिवारी😊

धन्यवाद विकास आप सब का मेहनत है😊😊



Ajit Pratap and 1K others · 72 comments • 12 shares

Ajit Pratap
18 Dec 2022

।। बिटिया के इलाज में कूदे बड़े देवदूत राघवेंद्र सिंह।।

----देवदूत वानर सेना वाले तो इनको पहचान ही रहे होंगे, अगर किसी संकट में उतर जाए तो आधा संकट अपने ऊपर ले लेते हैं अल्पसंख्यक विभाग के आर पी सिंह सर।

अभी सीतापुर की बिटिया के इलाज की खबर फेसबुक पे पढ़ी और कूद के आ गए, सन्देश आया--

""बीर तुंम बढ़े चलो, हम भी तुम्हारे साथ हैं""

आप लोग जान लीजिए इनको हमेशा हम लोग मना करते हैं कि आप मत कूदा करिये जब हम लोग जरूरी समझेंगे तो मांग लेंगे, सर के आने से हौसला बढ़ जाता है कि आर्थिक कमी कम नही पड़ेगी।

धन्यवाद सर आपका, एक अनजान सी बच्ची की जान बचाने के लिए देखिए देवदूतों का उड़ना जारी है, हम लोग भी नही जानते थे कि कौन सी बिटिया है लेकिन भगवान को बचाना था तो देवदूतों को सन्देश पहुँच गया।😊😊

-----आप सभी का जिंदाबाद--

।। अजित सिंह।।

Ajit Pratap
24 Aug 2022

।। अनमय बचाओ में आगे आये दिब्य सिंह।।

सुल्तानपुर में एक विधायक जी हुआ करते थे इंद्र भद्र सिंह, नाम इतना कि जब हम लोग छोटे छोटे थे तो उनकी कहानी जौनपुर तक सुनाई पड़ती थी, जननेता किसी के सुख दुख में खड़े रहने वाला नाम था इंद्र भद्र सिंह का।

----फिर उनके दो लड़कों का नाम हुआ, सोनू और मोनू सुल्तानपुर और आस पास के जिलों में परिचय का मोहताज नही, सोनू सिंह विधायक बने और मोनू सिंह ब्लॉक प्रमुख। लोकप्रियता दोनो भाइयों की इतनी की सुन के ईर्ष्या हो जाय (मतलब आश्चर्य होता है,😊)

----फिर हम लोगो ने उनके बेटी अर्चना सिंह का नाम सुना, पिछले जिला पंचायत चुनाव में धूमकेतु की तरह उभरी और सुल्तानपुर के साथ साथ अगल बगल जिलों में भी उनके नाम के चर्चे होने लगे।

मतलब योग्य पिता की योग्य संतानों ने अपने पूर्वजों के नाम को उचाई देने में लगे रहे साथ ही मानवता का साथ नही छोडे, कुछ दिन पहले हमने किसी स्कूल में खाना बनाने वाली महिला के दिल के ऑपरेशन के लिए लिखा था तो अर्चना सिंह जी ने जाकर मदद की थी।

---दिब्य सिंह उन्ही अर्चना सिंह के लड़के है, यानी सोनू मोनू इनके मामा है, आज अनमय की मदद के लिए दस हजार की मदद इस लड़के ने करके अपने नाना के नाम को चरितार्थ किया है, दुःख में खड़े रहने वाला नाम था इंद्र भद्र सिंह का आज अपने वंशजो को देख आसमान से खुश होते होंगे। जिंदाबाद शेर।

Ajit Pratap
21 Nov 2022

।। गर्व करिये वानर सेना पे।।

वानर सेना के महामंत्री दुर्गेश जी के पिता जी जौनपुर में हड्डी के प्रसिद्ध डाक्टर हैं, आज उनके यहाँ कोई गरीब महिला आई, देखिए डाक्टर साहब और दुर्गेश की भावना को।

जिंदाबाद चाचा जी, जय हो दुर्गेश, पढिये दुर्गेश का सन्देश---अजित सिंह।।

कुसुम जी हैं, अत्यंत गरीब हरदीपुर की रहने वाली हैं। जिनके नाती का हाथ टूट गया, अपने दामाद को नहीं बता सकती उग्र स्वभाव होने की वजह से। स्वयं बहुत गरीब हैं आपरेशन का कुल खर्च 15000 आना था दवा व अन्य खर्चे अलग से। किसी प्रकार 7000 रुपया कर्ज लेकर 10 रूपया सैकड़ा प्रतिमाह के हिसाब से लेकर आई थी। यह कर्ज उनकी इस गरीबी में बर्बादी के लिए पर्याप्त था। संज्ञान में आते ही मैंने अपने पिताजी को सारी बात बताई, इनका पूरा इलाज फ्री करवा दिया, दवा भी फ्री करवा दी इनके 7000 वापस करवा कर इन्हें कर्ज मुक्त होने के लिए बोला। साथ ही अपने महामंत्री पद से प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए देवदूत वानर सेना की तरफ से इस वर्ष का पहला कम्बल वितरित कर "कम्बल वितरण" प्रारंभ कर दिया। हमारे संरक्षक अजीत सर के बारे में इनको बताने का प्रयास किया पर इतनी भावविभोर थी कि इन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था।

#वानर हो तो वानर दिखना भी जरूरी है। हर फलदार वृक्ष का झुकना भी जरूरी है।

Ajit Pratap
5 Nov 2022

मेरे इलाके के लोग खपरहा गांव में जाकर डेरा डाल दो😊😊,मदद मांगो घर घर,👍👍

एक असहाय बाप का संदेश
अजीत सर आप का और आप के वानर सेना का बहुत नाम सुना हु मै नसरुद्दीन आप के गांव के बगल के गांव बिसवा पोस्ट खपरहा का निवासी हु
मेरी छोटी लड़की सबाना बानो का शादी इसी 15 नम्बर को है घर का हालात अच्छा नहीं है। पंकज और कपिल के माध्यम से आप और आपके सगठन के बारे में बहुत कुछ सुना हु। बहुत लोगो का मदद हुआ है। इसी आशा और विश्वास के साथ आप से कन्या का विवाह हेतु कुछ मदद का गुहार कर रहा हू ताकि मेरी बच्ची का कन्या दान हो सके। १०दिन का समय रह गया है और कोई भी व्यवस्था नही हो पाया है। अगर आप के जरिए कुछ सहयोग हो सके तो बड़ा उपकार होगा। आप का और वानर सेना का
एक असहाय बाप की दुवा लगेगी।
Name -sajahan
Union bank
IFCE CODE -UBIN0540226
A/C-402202120016880
Phone pay -9559994019 salman hasmi

Ajit Pratap
28 Oct 2022

।। मदद पण्डित जी शुरू किया जाय।।

----जौनपुर जंघई के ये पण्डित जी मुम्बई में रहते हैं, इनकी दोनो किडनी खरॉब हो गई है,12 साल के बच्चे का सांप काटने से देहांत हो चुका है, मुम्बई में नालासोपारा में रहते हैं, पत्नी किडनी देने को तैयार है कोई KM हॉस्पिटल है उसमे ट्रांसप्लांट होगा, खर्च लगभग 8 लाख का है,5 लाख ऑपरेशन और लगभग तीन लाख की दवा का।

----सुबह हमने पोस्ट किया था, मुम्बई में रहने वाले धीरज को भी वाट्सप किय्या था वो अभी शाम को पण्डित जी से मिले, उनकी दशा बहुत खरॉब है, धीरज ने कुछ खाने पीने को दिया बाकी बोले भैया पण्डित जी की मदद की जाय।

---हमने वानर सेना के अध्यक्ष रमेश दुबे जी से बात की उन्होंने बताया कि वानर सेना के खाते में एक लाख दो हजार तीन सौ बत्तीस रुपया है,।
--हमने कहा पण्डित जी का पेपर मंगा के उसमे से कम से कम पच्चीस हजार रुपया उनको दे दिया जाय बाकी मांगा जाय।

----तो आप लोगों से अनुरोध है खास कर मुम्बई में रहने वाले जौनपुर के लोगो से की अगर आप लोग सौ सौ रुपये की भी मदद कर देंगे तब भी पण्डित जी के इलाज का खर्च जुट जाएगा, लाखो लोग जौनपुर के हैं मुम्बई में।

---पण्डित जी बड़ी आशा के साथ वानर सेना की तरफ देख रहे हैं, आइये मिल के मदद की जाय ,भगवान साथ जरूर देगें।

Ajit Pratap is with **Adv Aditya Singh Hunter**.
27 Nov 2021

।। बधाई हंटर ।।

-----पण्डित जी बेटवा हुआ है, क्या नाम रखूं जिससे खानदान का नाम चमक जाय। आजमगढ़ के बाबू साहब पण्डित जी के पैरों पे कड़कती पांच सौ वाली नोट रखते हुए बोले।

------अरे ठाकुर साहब, नाम का ही तो खेल है, आदित्य रखिये आदित्य, सूर्य की तरह चमकेगा, खानदान क्या पूरे इलाके का नाम रोशन करेगा, कड़कती नोट पे नजर गड़ाते पण्डित जी ने जोर से उदगार किया--

रोहणी नक्षत्र में पैदा हुआ है, शनि की शुभ दृष्टि है, राहु केतु सब सेवा भाव मे पानी भरेंगे, छोटका बाबू साहब कुलदीपक जन्मे हैं, पण्डित जी ने दक्षिणा का पूरा हक अदा किया और समझ गए कि बाबू साहब गदगद हो गए हैं, इतना सुनते ही आदित्य के बाबू फिर सौ का नोट निकाले और सर पटक दिया पण्डित जी के पैर पे बस आप का आशीर्वाद बना रहे, आदित्य के ऊपर।

-------नोट के प्रभाव में नाम तो आदित्य पड़ गया लेकिन इतना तपे कौन, आदित्य देखे साथ अखंड प्रताप, शेर बहादुर, शमशेर सिंह, पढ़ रहे ससुर हमी आदित्य हैं, समझ मे नही आ रहा कौन नाम है, अब नाम मे ही उलझ गए और ठीक से पढ़ नही पाए, कस के नकल टीप ली और पहुँच गए इलाहाबाद।

------अब इलाहाबाद संगम पहुचे तो देखा अरे बाप रे यंहा तो बहुत से भानु, भास्कर, दिनकर, दिवाकर चमक रहे हैं, दिन रात लगे हैं लेकिन रोशनी नही फेक पा रहे हैं। तो तुरन्त इन्होंने अपने नाम के आगे लगाया, हंटर--

---

Ajit Pratap
24 Oct 2021

।।बधाई ।।

---बाबू साहब दिन भर से भूखी पंडिताइन जैसे मेरा चेहरा देखी निहाल हो गई😊.

सरोज उपाध्याय गुरु जी ने फ़ोटो भेज के बताया।
----क्या क्या खिलाये गुरु जी, गुरुआइन को?
-----बाबू साहब, पेड़ा, बर्फी, कई चीज लाये थे, भूखी वो थी खाये हम नही, समझिए भूख ही मर गई थी।

-----अच्छा तो मिल के खाइये, बधाई करवा चौथ की😊😊

।। अजित सिंह।।



Ajit Pratap
17 Sept 2022

।। खबर सही है,देवदूतों।।

लगातार फोन मत करो देवदूतों, खबर सही अनमय की मम्मी अंकिता ने सुबह फोन किया तो जोर जोर रो रही थी, हमने डरते हुए पूछा--

--क्या हुआ अंकिता?
---अजित भैया, अनमय की लॉटरी लग गई, अब इंजेक्शन कम्पनी देगी।

---जिंदाबाद देवदूतों जय हो, अभी कुछ देर में लाइव मिलते हैं तब बात की जाएगी, अभी खुशी में टाइप नही हो रहा।😊

----मजा लगा दिए गुरु अनमय, तभी हँसी रहे थे कि आगे देखो मेरी लीला😊



।। विदा गांव--बच्चों बनो कमांडो ।।

-----बहुत दिनों बाद गांव में चार दिन रहने का मौका मिला, तीनो भाई एक साथ, हो हल्ला के साथ अम्मा को चिढ़ाते हुए।पुराने दोस्त, बड़े औऱ छोटे भाइयो के प्यार, खिंचाई और हंसी मजाक के साथ,मालिक और गप्पू सिंह का प्यार भरा भोजन उड़ाते हुए समय कब बीत गया पता नहीं चला।
---------चलते समय सुबह सड़क पे लड़को का झुंड मिल गया, पता चला लड़के इकट्ठा होकर काफी दूर दौड़ने जाते हैं,भदोही के शनी सिंह इन लड़को को सिखाते हैं, मैने लड़को को बताया कि जरूरत हो तो, कालेज के पास जो मेरा खेत है दो एकड़ ले लो, जिम का सामान हम लोग मंगा देगे, ट्रेनर को कालेज में रहने खाने की ब्यवस्था के साथ, बाकी और चीजे कमांडो प्रबल यादव ने कहा है, करा देने को, मैने पूछा--

"कम से कम किंतना पुश अप लगाते हो??
---पचास कम से कम और सौ तक।
----वाह शाबास, तब तो जलेबी बनती ही है यार😊, सेठ लड़को को जलेबी खिलाओ, मैने दुकान के सेठ से कहा वो दोना निकालने लगा।
----भक्क़ यार सेठ ये उड़ते हुए लड़के हैं,50 ग्राम दे रहे हो। पांच किलो दो, खा जाएंगे सब😊

-----हा भैया हा, खा जाएंगे, जोश के साथ लड़को ने कहा।

-----तो लो बच्चो जलेबी, खाओ दौड़ो, सेना में जाओ पुलिस में जाओ, लेकिन जैसे आज मिल के दौड़ रहे हो वैसे आगे निकल जाने के बाद भी मिल के रहना।

-----जय राम जी की गांव और गांव वालों फिर मिलने आऊंगा, पेट भर खाऊंगा और मन भर नाचुंगा😊 तब तक विदा।

Ajit Pratap
22 Dec 2022

।। दस बच्चे बी फार्मा फ्री में पढ़े।।

-ये हैं मथुरा अनिल चौधरी, आज आफिस आये, इनका कालेज है, डी फार्मा और बी फार्मा।

वानर सेना की बात चली तो बोले अजित सर अभी सेशन 22 -23 में दस सीट खाँली है आपके वानर सेना के लड़के पढ़ना चाहे तो आ जाय फ्री कर दूंगा बस रजिस्ट्रेशन फीस दे दे।

अगर रहना चाहे तो होस्टल की सुविधा है, कम से कम में रहे और पढ़े।😊.

---जय हो वानर सेना, चलो मथुरा पढ़ने वालों, शेयर करते रहिए जरूरत मंद लड़के तक पहुँच जाय।

।। अजित सिंह।।



! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !

दैनिक भास्कर

खबरें एक नजर में

मीरा रोड में आज होगा देवदूत वानर सेना का महासम्मेलन

भास्कर न्यूज | मुंबई. संकट के समय में लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली देवदूत वानर सेना का रविवार, 10 मार्च 2024 को शाम 4 बजे मीरा रोड स्थित शिवार गार्डन में महासम्मेलन आयोजित किया गया है। देवदूत वानर सेना के सह संरक्षक सुधाकर सिंह विशेन ने संगठन से जुड़े लोगों के अलावा समाज के सभी तबके के लोगों से इस महासम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। देवदूत वानर सेवा का गठन उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक सेवा में कार्यरत अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से की है, जिसमें अजीत प्रताप सिंह और उनकी पूरी टीम सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंद की मदद के लिए गुहार लगाती है। इस पर बड़ी संख्या में लोग मदद के लिए आगे आते हैं। देवदूत वानर सेना अब तक गंभीर बीमारियों के लिए शोशल मिडिया के माध्यम से 10 से 12 करोड़ रुपए इकट्ठा करके लोगों की मदद कर चुकी है।



दैनिक भास्कर Sun, 10 March 2024 https://epaper.bhaskarhin





! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !





! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !





! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !





! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !

इवि के पूर्व अध्यक्ष के लिए पुरा छात्रों ने बढ़ाए मदद को हाथ

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष और महामंत्री रहे इंदू प्रकाश सिंह के लिए पुरा छात्र एक जुट हो रहे हैं। वह कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) दिल्ली में चल रहा है। विश्वविद्यालय के पुरा छात्रों की मदद से तकरीबन 3.50 लाख रुपये जुटा लिए गए हैं। सर्वाधिक मदद करने वालों में इवि के पुरा छात्र राणा अजीत सिंह और जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह हैं। इन दोनों लोगों ने एक-एक लाख रुपये दिए हैं।

मूलतः आजमगढ़ के जियापुर गांव के रहने वाले इंदू प्रकाश सिंह वर्ष 1987 में इलाहाबाद विश्विद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री चुने गए थे। वर्ष 1995 में वह अध्यक्ष चुने गए। इधर बीच वह प्रयागराज के गोविंदपुर स्थित एलआइजी कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। इन दिनों वह कैंसर से जूझ रहे हैं। उनका इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा है। यह जानकारी इवि के पुरा छात्र लखनऊ में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर और वानर सेना के संस्थापक अजित सिंह को हुई तो उन्होंने इंटरनेट मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर 'मदद इंदु सिंह इलाहाबाद' नाम से अभियान छेड़ दिया। इस अभियान के जरिये उन्होंने विश्वविद्यालय के पुरा छात्रों से आर्थिक मदद मांगी। चूंकि डाक्टरों ने बताया है कि इंदू सिंह को महीने में दो इंजेक्शन लगेगा। एक इंजेक्शन की कीमत करीब दो लाख रुपये है। अभियान में इवि के पुरा छात्र राणा अजीत सिंह और जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी हैं। दोनों लोगों ने एक-एक लाख रुपये दिए हैं। इसके अलावा इवि के तमाम शिक्षकों-कर्मियों व देश में कार्यरत पुरा छात्रों ने अपना खजाना खोल दिया है। वानर सेना की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिन में तकरीबन साढ़े तीन लाख रुपये जुटा लिए गए हैं। इसके अलावा इंजेक्शन कंपनी से भी वार्ता चल रही है।

वानर सेना पेज बना कोरोना पीड़ितो का भगवान...

FB Page of Baanar Sena becomes Saviour in Corona Pandemic

For Ajit Pratap Singh Facebook is a weapon to fight Covid-19

Abdul Sattar

Lucknow/ Jaunpur: It is said that Social Media is a useful tool to disseminate knowledge and information to the masses and make them aware about issues of concern. Some people and organisations use it for generating negative vibes also through spreading fake and misleading information and manipulating public sentiments. In the current COVID-19 pandemic Social Media proved very effective in getting medical support and help. One such warrior who used Social Media as a useful tool is Mr Ajit Pratap Singh, whose Facebook page has helped several Covid positive people in getting help at the right time. Deputy director in the headquarters of Uttar Pradesh Backward Classes Welfare Department, Mr. Singh created a Facebook page and named it "Baanar Sena" (Monkey Army), to provide quick help to Covid positive patients in getting bed in hospitals, oxygen and ventilators. Today Ajit



वानर सेना पेज बना कोरोना पीड़ितो का भगवान...

फेसबुक का वानर सेना पेज कोरोना पीड़ितों लिए बना भगवान

आर्गनाइजर अजीत प्रताप सिंह ने फेसबुक को बनाया कोविड हथियार

लखनऊ / जौनपुर : कहते है सोशल मीडिया समाज के लिए बहुत घातक है लेकिन इसी सोशल मीडिया को माध्यम बनाकर उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मुख्यालय में तैनात उपनिदेशक अजीत प्रताप सिंह ने कोरोना महामारी से लड़ने का हथियार बना लिया अजीत फेसबुक पर वानर सेना पेज बनाकर कोरोना पीड़ितों को सहयोग प्रदान कर रहे है आज पूरे प्रदेश में अजीत की वानर सेना पेज सुर्खियों का विषय बना हुआ है, जिससे पूरे प्रदेश में कोरोना पीड़ित अपनी समस्या का समाधान त्वरित पाकर खुशी प्राप्त कर रहे है अजीत की इस वानर सेना ने कोरोना महामारी में फेसबुक से ऐसा काम कर दिखाया है जिससे प्रदेश में भयावक रूप ले चुकी कोरोना महामारी पर काबू पाने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई है जौनपुर निवासी व वानर सेना पेज आर्गेनाइजर अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मैं काफी समय से फेसबुक का यूजर रहा हूँ उसी फेसबुक पर इस कोरोना की दूसरी लहर में काफी कमेंट्स आ रहे थे कि मुझे हस्पताल में बेड, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन की जरूरत है तो मैं अपने जनपद में तैनात सहयोगियों से



सहयोग प्राप्त कर उनकी समस्या का निराकरण करा देता था लेकिन जब काफी संख्या में इस प्रकार के कमेंट्स आने लगे तो मैंने सोचा क्यों ना इस कोरोना महामरी में पीड़ितों के सहयोग के लिए एक पेज बनाकर सभी मित्रो और अधिकारियों को जोड़ा जाए जिससे पीड़ितों को सहयोग जल्दी मिल सकेगा और मैंने फेसबुक पर वानर सेना नामक पेज बनाकर जनपद के परिचित अधिकारियों और मित्रो को जोड़ा देखते ही देखते लोगो की समस्याएं आनी लगी जिनका निराकरण बहुत ही जल्दी होने लगा जिसको देखकर सामाजिक सरोकार रखने वाले तकरीबन सैकड़ो आईएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारी व प्रदेश के सभी जनपदों से पांच हजार से अधिक वालंटियर निस्वार्थ कोरोना पीड़ितों की मदद करने के लिए जुड़ गए, इस फेसबुक वानर सेना पेज के बारे में बताते हुए ऑर्गेनिजर अजीत प्रताप सिंह कहा कि प्रदेश और देश में अधिकतर लोग किसी ना किसी प्रकार से सोशल मीडिया से जुड़े हुए है इसी को ध्यान में रखकर मैंने वानर सेना पेज बनाया आज इस पेज के माध्यम से प्रदेश के तकरीबन पचास हजार पीड़ितों तक मदद पहुँच चुकी है और दिनों रात हमारे इस पेज से कोरोना पीड़ितों की मदद पहुंच रही है श्री प्रताप ने कहा कि समाज अगर हर समस्या के लिए सरकार की तरफ देखे तो शायद ठीक नहीं होगा बल्कि खुद सकारात्मक सोच के साथ जागरूक हो जाए तो उसकी आधी से अधिक समस्या खुद ही समाप्त हो सकती है और समाज में सकारात्मक व सहयोगात्मक वातावरण का माहौल भी बनेगा इस वानर सेना की तारीफ अब प्रदेश से बाहर देश व विदेशो में भी होने लगी है जिससे इनके हौसलों को और मजबूती मिल रही है और अब यह सेना रामदूत हनुमान की वानर सेना बनकर कोरोना महामारी की जंग जीतने के साथ समाज में फैली कुरीतियों, भ्रांतियों को दूर कर एकता के माहौल को पैदा करने से कोई रोक नहीं सकता है

वानर सेना की कोषाध्यक्ष मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित...

एक और मिनी मदर टेरेसा जिसे योगी आदित्यनाथ ने झांसी की रानी से सम्मानित किया



वानर सेना में शामिल हुए गुजरात के उद्यमी

समाज सेवा को समर्पित 'वानर सेना' में शामिल हुए उद्यमी सुभाष डावर; गुजरात का कार्यभार देखेंगे



सूरत। समाज सेवा के प्रति समर्पित और जरुरतमंदों की हर प्रकार की मदद करने के उद्देश्य से गठित संस्था 'वानर सेना' देश भर में अपनी प्रतिष्ठा कायम करती जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग में डिप्टी ... अधिकारियों से लेकर आम और खास लोग हैं। इसी क्रम में अब यह संगठन गुजरात में भी पैर पसारने जा रहा है और इसकी अगुवाई सूरत के जाने-माने उद्योगपति सुभाष डावर करेंगे।

गुजरात का कार्यभार सुभाष ... मदद के लिये इकट्ठा हो जाता है, उसी प्रकार किसी जरूरत मंद व्यक्ति को मदद की आवश्यता हो तो जो जहां है, वहीं से यथा संभव मदद के लिये हाथ बढ़ाए यही विचार है। कोरोना काल से शुरु हुआ यह काम अब काफी आगे बढ़ चुका है और हजारों लोगों को मदद पहुंचाई जा चुकी है।

गुजरात में संगठन के कामकाज की औपचारिक शुरुआत के मौके पर संगठन की अंतरर्राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रीति श्रीवास्तव जो 'हेलीकॉप्टर दीदी' के नाम से भी प्रसिद्ध हैं, विगत सप्ताह सूरत पधारी थीं। उनके साथ शिक्षा के क्षेत्र में झंडे गाड़ने वाले पद्मश्री आनंद कुमार भी उपस्थित थे। दोनों महानुभावों का सूरत में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत-सम्मान किया गया। सूरत में आयोजित कार्यक्रम

वानर सेना हिना के लिए बनी संकटमोचक

हिना के लिए देवदूत बनी बानर सेना



प्रखर चंदवक जौनपुर। कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है। इसी कहावत को मूर्त रूप दे रही है वानर सेना! बता दें कि कोरोना काल में वानर सेना का गठन हुआ था। आज वानर सेना लाखों असहाय गरीबों की आशा और उम्मीद बनी हुई है। किसी को खून की जरूरत हो, इलाज के लिए धन की जरूरत हो

! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !

वानर सेना बनी संकटमोचक...



वानर सेना ने जुटाए 13 लाख, भूमिका को मां देंगी किडनी

वानर सेना बनी संकटमोचक...



संक्रमित के लिए वानर सेना बनी बैसाखी

अनूठी पहल

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : अरे वानर सेना...। उठो अब सुबह हो गई। प्रयागराज में तत्काल ऑक्सीजन की आवश्यकता है। जल्द मदद कराओ। मरीज की स्थिति ठीक नहीं है। कुछ ही देर में फेसबुक पर दूसरा पोस्ट धन्यवाद प्रयागराज की वानर सेना...। अब हालात में काफी सुधार है। यह सब सम्भव हो रहा है इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) के पुरा छात्र और लखनऊ में समाज कल्याण विभाग में कार्यरत अजित प्रताप की पहल पर। इसके लिए उन्होंने वानर सेना और देवदूत की लंबी फौज तैयार की है। यह सेना कोरोना संक्रमित के लिए बैसाखी बनकर आगे आ रही है।

अजित ने बताया कि देशभर में उनकी टीम सक्रिय है। टीम के पास कुल 2630 लोगों ने मदद की गुहार लगाई। इसमें से 2310 के चेहरे पर वानर सेना ने मुस्कान भी बिखेरी। दावा किया कि 260 से अधिक रेमडेसीवीर, 630 से अधिक ऑक्सीजन सिलिंडर, 270 से अधिक वेंटीलेटर बेड, 350 से अधिक ऑक्सीजन बेड, 260 से अधिक प्लाज्मा और 90 से अधिक अन्य दवाएं व तकरीबन 100 लोगों को अन्य मदद कराए गए। इसके आंकड़ा भी हैं। वानर सेना ने उत्तर प्रदेश में 1380 से अधिक, दिल्ली में 710 से अधिक, महाराष्ट्र में 183 से अधिक, उत्तराखंड में 115 से अधिक, मध्य प्रदेश में 70 से अधिक, उड़ीसा में 15 के करीब और असम, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, केरल एवं अन्य राज्य में 120 मामले सुलझाए हैं। टीम में अलग-अलग विधा से सैकड़ों लोग जुड़े हैं।

बच्चे ने जारी कर दिए सेना प्रमुख का पोस्टर : वानर सेना के प्रमुख अजित प्रताप का एक पोस्टर में भी अब वायरल हुआ है। इसमें अजित हनुमान जी की तरह एक हाथ में ऑक्सीजन सिलिंडर लेकर उड़ रहे हैं। यह पोस्टर मछलीशहर के करौंदी के सातवीं के छात्र आर्यन ने तैयार किया है।

हॉस्पिटल में मरीजों की मदद करने पहुंचे वानर सेना के सदस्य • साभार : इंटरनेट मीडिया

वानर सेना की कोषाध्यक्ष राष्ट्रपति पुस्कार से सम्मानित...



अधिक जानकारी के लिए पढ़ते रहिये

अवार्ड तीन दिसंबर को दिल्ली में दिया जाएगा, संस्था की सचिव प्राप्त करेंगी

गर्व : दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी को पुरस्कार

सम्मान

साइन लैंग्वेज ही बड़ा सहारा

पुनर्वास में अग्रणी होने पर मिला सम्मान

वानर सेना के संरक्षक, धनंजय सिंह ने बढ़ाया मदद का हाथ



इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष इंदु प्रकाश सिंह के संकट में वानर सेना मैदान में...

वानर सेना की कोषाध्यक्ष मनप्रीत कौर बनी संकटमोचक...



पहल : वानर सेना द्वारा दुर्घटना में घायल अजमेर सिंह के इलाज का उठाया बीड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

वानर सेना बनी संकटमोचक...



कोरोना संक्रमण के काल में जरूरतमंदों की मदद के लिए लोगों ने सोशल नेटवर्क को सबसे अच्छा जरिया बनाया

देवदूत और वानर सेना बना जरूरतमंदों की कर रहे मदद

! दान ही सच्ची सेवा है !

! मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है !



वानर सेना ने संभाला मोर्चा

हिचकिये मत मदद मांगिये वानर सेना तैयार है- पार्ट 1

मानवता के देवदूतों ने आपातकाल में संभाला मोर्चा, संयोजक अजित सिंह समाज को दे रहे बड़ा संदेश



PRAYAGRAJ, MONDAY, JULY 29, 2024

NATION 07

BRIEFS

Devdoot Vanar Sena came forward for the cancer patient: Ajit Singh

Staff Reporter

Prayagraj: has geared up and with the tireless efforts of Devdoot Vanar Sena's patron Ajit Singh, they have put in all their efforts to collect funds for the treatment of Allahabad's former student president.

Devdoot Vanar Sena's patron PCS officer Ajit Singh is always ready to help the needy people through his organization Devdoot Vanar Sena and also provides all possible help to the people through his organization.

Ajit Singh, who was a full time student of Allahabad University, says that the aim of the organization is to help every needy person. The money required for treatment is being raised through the tireless efforts of the angels. Ajit Singh, through his message, told all the supporting organizations and people that in this crisis, social workers and Devdoot Vanar Sena should participate enthusiastically and everyone should help the cancer patient. He told that in this crisis situation, the entire university family and Vanar Sena are standing with Indu ji. And all of you please come forward to help and voluntarily do whatever help you can.



केंसर पीड़ित के लिए आगे आये देवदूत वानर सेना – अजित सिंह

संवाददाता, प्रयागराज। देवदूत वानर सेना ने कमर कस ली और देवदूत वानर सेना के संरक्षक अजित सिंह के अथक परिश्रम से इलाहाबाद के पूर्व छात्र अध्यक्ष के उपचार के लिए धन इकट्ठा करने में एडी चोटी का जोर लगा दिए है। देवदूत वानर सेना के संरक्षक पीसीएस अधिकारी अजित सिंह अपने संगठन देवदूत वानर सेना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और अपने संगठन के माध्यम से लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद भी करते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूरा छात्र रहे अजित सिंह कहते हैं कि संगठन का उद्देश्य हर जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। उपचार लिए जरूरी धन देवदूतों के अथक परिश्रम से कर रहे है अजित सिंह ने अपने संदेश के माध्यम से सभी सहयोगी संगठनों एवं लोगों को बताया कि इस संकट में सामाजिक कार्यकर्ता और देवदूत वानर सेना बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और सभी लोग केंसर पीड़ित के लिए मदद करे । उन्होनो ने बताया कि इस संकट की स्थिति में पूरा विश्वविद्यालय परिवार और वानर सेना इंदु के साथ खड़ी है। तथा आप सभी मदद के लिए आगे आये व अपनी स्वेच्छा से हरसंभव मदद हो सके करने का कष्ट करें।



वानर सेना बनी संकटमोचक...

अजित सिंह बने संकटमोचक मदद की राशि एक लाख पार

आग लगने से कपड़े की दुकान जलकर हुई थी खाक



वानर सेना ने कैंसर पेशेंट की मदद..

प्रखर पूर्वांचल, २९ जनवरी २०२१ दिन सोमवार

अजित सिंह फिर बने देवदूत कैंसर पेशेंट के लिए एक बार फेसबुक से जुटाया फंड

आप के नये जिला कार्यालय का उद्घाटन



यूंपी के एक अधिकारी ने अपने दम पर खड़ी कर दी देवदूत बानर सेना की बड़ी फौज

कोरोना पीड़ितों की दिन-रात कर रहे थे मदद

अजित प्रताप सिंह (उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग लखनऊ)

! दान ही सच्ची सेवा है !

DONATE NOW

6394342968m@pnb



बानर देवदूत मानवता संरक्षण समिति

BANK DETAIL :

A/c Number:- 0294000110131257

IFSC Code:- PUNB0029400

Bank Name:- Punjab National Bank

Branch:- Hazratganj, Lucknow